# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ0ग0)

## 19 वाँ दीक्षांत–समारोह

### //अधिसूचना//

कमांक 9250/अका./दीक्षांत/2013 रायपुर, दिनांक 7-01-2013

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का उन्नीसवाँ दीक्षांत–समारोह फरवरी 2013 के तृतीय सप्ताह में होना संभावित है। इस दीक्षांत–समारोह में उन सभी प्रत्याशियों को उपाधि–पत्र वितरित किए जाएँगे, जिन्हें दिनांक 14.01.2012 से 12.02.2013 तक की अवधि में इस विश्वविद्यालय की डी.लिट्. एवं पी–एच.डी. उपाधि के लिए योग्य घोषित किया गया है।

01. डी.लिट्. एवं पी–एच.डी. प्राप्त जो व्यक्ति इस दीक्षांत–समारोह में उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें निर्धारित आवेदन–पत्र पर विश्वविद्यालय के उपाधि प्रकोष्ठ को दिनांक 12.02.2013 तक सूचना देना होगा। आवेदन–पत्र के साथ आवेदकों को रु. 700/– नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा दीक्षांत–समारोह के शुल्क के रूप में विश्वविद्यालय में दिनांक 12.02.2013 तक जमा करना होगा। इस अवधि के पश्चात् आवेदन–पत्र एवं शुल्क स्वीकार नहीं किए जाएँगे । उपाधि धारक यदि अपना आवेदन रजिस्टर्ड डाक/ई. मेल. (registrarprsu@gmail.com)/dr.arvind02@gmail.com के द्वारा भेजते हैं, तो उन्हें गाउन प्राप्ति के दिन बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति/प्रतिलिपि साथ में लाना होगा।

निश्चित शुल्क एवं अन्य ब्यौरा प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा उन प्रत्याशियों के लिए दीक्षांत–समारोह में सम्मिलित होने हेतु अनुज्ञा–पत्र तैयार किया जाएगा। अनुज्ञा–पत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग से दिनांक 12.02.2013 तक प्राप्त हो सकेगा । अनुज्ञा–पत्र के 'प्रपत्र–ब' को प्रस्तुत करने पर विश्वविद्यालय के परिधान दायक से गाउन प्राप्त हो सकेगा । गाउन धारण करने के पश्चात् ही दीक्षांत–समारोह–स्थल में प्रवेश मिल सकेगा।

02. उन्नीसवां दीक्षांत–समारोह में वर्ष 2011–12 की परीक्षा में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण तथा प्रावीण्य–सूची में प्रथम स्थान प्राप्त एवं दानदाताओं के नाम से स्थापित स्वर्ण–पदक के लिए चयनित छात्र छात्राओं को स्वर्ण–पदकों से भी अलंकृत किया जाएगा। स्वर्ण–पदक हेतु योग्य घोषित छात्र स्वयं उपस्थित होकर दीक्षांत–समारोह में स्वर्ण–पदक प्राप्त करना चाहते हैं, वे विश्वविद्यालय के उपाधि प्रकोष्ठ में दिनांक 12.02.2013 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन रजिस्टर्ड डाक/ई. मेल. आई. डी. (registrarprsu@gmail.com)/dr.arvind02@gmail.com के द्वारा भेजते हैं, तो उन्हें गाउन प्राप्ति के दिन बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति/प्रतिलिपि साथ में लाना होगा। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदकों को दीक्षांत–समारोह में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जा सकेगी। गाउन धारण करने के पश्चात् ही दीक्षांत–समारोह–स्थल में प्रवेश मिल सकेगा। दीक्षांत–समारोह में स्वर्ण–पदक प्राप्त करने के इच्छुक प्रत्याशियों को आवेदन पत्र के साथ रु. 200/– नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा दीक्षांत–समारोह के शुल्क के रूप में कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को दिनांक 12.02.2013 तक जमा करना होगा/को भेजना होगा।

* सभी प्रत्याशियों को गाउन प्राप्ति हेतु (वापसी योग्य) अमानत राशि रु 1000/– डॉ. अरविंद अग्रवाल, व्याख्याता, एकेडमिक स्टॉफ कालेज, कला भवन, पं.र.वि.वि. रायपुर के पास जमा करना होगा।

* दीक्षांत–समारोह की शोभायात्रा का पूर्वाभ्यास की तिथि बाद में सूचित किया जाएगा।

* विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित तिथि को गाउन वितरण डॉ. अरविंद अग्रवाल, व्याख्याता, एकेडमिक स्टॉफ कालेज, कला भवन, पं.र.वि.वि. रायपुर के निर्देशन में की जाएगी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं शोध उपाधि के लिए योग्य घोषित प्रत्याशियों की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट में उपलब्ध है **(www.prsu.ac.in)**

कुलसचिव

पृ. क्रमांक 9251/अका./दीक्षांत/2013 रायपुर दिनांक : 7-01-2013

प्रतिलिपि :

01. माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर
02. विश्वविद्यालय विद्यापरिषद एवं कार्यपरिषद के सदस्यों को
03. विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष
04. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/डी.सी.डी.सी.
05. सचिव, उच्च शिक्षा, डी.के.एस. भवन, रायपुर
06. आयुक्त, उच्च शिक्षा, विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर
07. समस्त संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य
08. विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के अध्यक्ष
09. संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार–पत्रों को आगामी अंक के अंतिम पृष्ठ पर समाचार के रूप में प्रकाशनार्थ।
10. केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, माय एफ–एम, रेडियो मिर्ची, ज्ञान वाणी रायपुर को सूचना के रूप में प्रकाशनार्थ ।
11. अध्यक्ष, कम्प्यूटर अध्ययन शाला को इस निवेदन के साथ कि विश्वविद्यालय के वेबसाइट अपलोड करें।

Shri Tiggu Kumar 09-01-2013

27/1/13

प्रभारी अधिकारी (अका.)